नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
Nalanda Open University
Website : nalandaopenuniversity.com
E-mail : nalopuni@sancharnet.in
nou@nou.ac.in

तृतीय तल, बिस्कोमान भवन, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना–800 001
3rd Floor, Biscomaun Bhawan, West Gandhi Maidan, Patna-800 001
Phone No. : 0612–2201013, 2206916
Fax No. : 0612–2201001

Ref. No. ___________________ *Date : 20.04.2018*

वर्ष 2018 के स्नातकोत्तर की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म जमा करने सम्बन्धी सूचना

नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के एम०ए०, एम०एस०सी०, एम०कॉम०, एम०जे०एम०सी०, पार्ट–II तथा एम०सी०ए०, पार्ट–II एवं पार्ट–III के वैसे विद्यार्थीगण जो विगत वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित थे, और जो वर्ष 2018 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 20.04.2018 तक परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सके हैं वे 200/– रुपये विलम्ब शुल्क के साथ नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार अपना परीक्षा फार्म जमा कर सकते हैं ।

क्र० सं०	*पाठ्यक्रम*	*200/– रुपये विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि (अवकाश के दिनों को छोड़कर)*
1.	M.A., M.Sc., M.Com., MJMC, Part-II & MCA, Part-II & Part-III के सम्बन्धित विद्यार्थीगण	21.04.2018 से 14.05.2018 तक

सम्बन्धित छात्रों से अनुरोध है कि वे व्यक्तिगत रूप से विश्वविद्यालय मुख्यालय में उपस्थित होकर अपना परीक्षा फार्म भरें और परीक्षा शुल्क के रूप में ऊपर निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट, जो नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना को देय हो, (अधिक या कम राशि का बैंक ड्राफ्ट किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होगा) जमा कर अपना परीक्षा एडमिट कार्ड प्राप्त करें ।

वैसे विद्यार्थी जो विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर फार्म जमा करने में असमर्थ हैं, वे नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के वेबसाईट से परीक्षा फार्म डाउनलोड कर, उसे पूर्ण रूप से भरकर एवं उसपर अपना हस्ताक्षर कर 1400/– रुपयों के बैंक ड्राफ्ट, अंक–पत्र एवं एडमिट कार्ड की छायाप्रति के साथ, डाक के माध्यम से, निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं । ऐसे विद्यार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के दो दिन पूर्व तक अपना एडमिट कार्ड, सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका एवं सत्रीय कार्य प्रश्नावली विश्वविद्यालय मुख्यालय से प्राप्त कर सकते हैं । डाक के माध्यम से भेजे गये फार्म पर विद्यार्थी का हस्ताक्षर, नामांकन के समय किये गये हस्ताक्षर से अगर भिन्न पाया जाता है या परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होता है तो परीक्षा फार्म अस्वीकृत हो जायेगा ।

परीक्षा फार्म जमा करने के समय वार्षिक परीक्षा का अंक–पत्र (अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए), एडमिट–कार्ड एवं एक पासपोर्ट साइज कलर फोटोग्राफ लाना आवश्यक होगा । द्वितीय परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए भी वार्षिक परीक्षा का अंक–पत्र लाना आवश्यक होगा । **स्वहस्तलिपि में, स्वहस्ताक्षरित तथा पूर्ण रूप से भरा हुआ परीक्षा फार्म हीं स्वीकार किया जायेगा । ऐसा नहीं करने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा ।**

कुलसचिव (प०)